न्यायालय तहसीलदार बयाना (भरतपुर)

(पीठासीन अधिकारी—श्री गिरिराज प्रसाद बंसाल तहसीलदार बयाना)

प्र0सा0 87/20 ता0 रजु. 6-1-20 किस्म मुकदमा 91 एलआर एक्ट निर्णय दिनांक 4-2-2020

सरकार

बनाम

किरोड़ी पुत्र मंगती जाट रवटनावली तह0 बयाना जिला—भरतपुर।

निर्णय

पत्रावली पेश हुई। पटवारी हल्का रवटनावली ने एक रिपोर्ट इस आशय की पेश की है कि ग्राम रवटनावली के खसरा न0 700, 726, 728 रकबा 0.29 हैक्ट में से रकबा 0.14 हैक्ट किस्म भूमि चारागाह पर सम्वत 2076 में श्री किरोड़ी पुत्र मंगती जाट रवटनावली तह0 बयाना ने सरकी कर अतिक्रमण कर लिया है।

हल्का पटवारी रिपोर्ट के आधार पर प्रकरण धारा 91 एलआर एक्ट के तहत दर्ज रजिस्टर कर अप्रार्थी को जरिये नोटिस तलब किया गया। जो शामिल मिसिल है। अप्रार्थी द्वारा उपस्थित होकर अपना जबाव पेश किया । हमने पत्रावली का अवलोकन किया। पत्रावली के अवलोकन उपरान्त न्यायालय इस निष्कर्ष पर पहुंचता है कि अप्रार्थी के विरुद्ध न्यायिक कार्यवाही अमल में लायी जाना आवश्यक है। अतिक्रमी को अतिक्रमित आराजी से बेदखल करना राज्यहित में आवश्यक है।

अतः आदेश है कि अतिक्रमी के विरुद्ध न्यायिक कार्यवाही कर अतिक्रमित खसरा नम्बर 700, 726, 728 ..... रकबा 0.14 ..... हैक्ट वाके ग्राम रवटनावली ... से बेदखल किया जाता है। लगान 2.24 ... का 50 गुणा पैनल्टी राशि 112/= रूपये से दण्डित किया जाता है। पैनल्टी की मांग कायमी टी0आर0ए0 हाजा से कराई जावे। पैनल्टी वसूली एवं फसल नीलामी हेतु पटवारी हल्का एवं भू—अभिलेख निरीक्षक को आदेश जारी हो।

पत्रावली फैसल शुमार हो। बाद तकमील नम्बर से कम हो। दाखिल दफ्तर हो। निर्णय आज दिनांक 4-2-2020 को लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

तहसीलदार
बयाना (भरतपुर)

Signature Not Verified

Digitally signed by Giriraj Prasad Bansal
Date: 2022.02.04 11:47:15 IST
Reason: SelfAttested